S.No.	Name of the Party	IL/LI No. & Date	Location	Annual capacity (tonnes)
3.	Shri Nandkishore Kagliwal	LI :574(90) Dr. 31-8-90	Nanded (Maharashtra)	50,000
4.	M/s. Coastal Paper Limited.	LI : 576(90) Dr. 31-8-90	East Godavari Distt. (A.P.)	20,000
5.	M/s. Tamil Nadu News-Print & Papers Limited.	LI : 689(90) Dr. 6-11-90	Distt. South Arcot (T.N.)	1,00,000
6.	M/s. Narh Pulp & Papers Ltd.	LI ; 133(91) Dt. 15-2-91	Paithan, Distt. Aurangabad (Mahara-rashtra)	50,000
7.	Shri Vishnu J. Ramsinghani (M/s. Rama Newsprint & Papers Ltd.)	No. 5(91)/IL/NRI Dt. 23-5-91 &s 25-2-92	Teh. Olpad, Duistt. Surat (Gujarat)	1,32,000
8.	M/s. Priyanka Overseas Ltd.	LI : 539(91) Dt. 8-10-91	Distt. Deoria (U.P.)	82,500
9.	M/s. Nagaland Pulp & Paper Co. Ltd.	LI : 208(92) Dr 14-5-92	Papernagar (Tuli), Distt. Mokokchung (Nagaland)	20,00
10.	Shri Sanjay Kedia	LI : 3(1992/6/SIA/ NRI Dt. 29-12-92	Jaigarh, Distt. Ratnagiri or any backward area in Maharashtra.	42,000
11.	M/s. Hindustan Newsprint Ltd.	LI : 273(1994) Dt. 12-5-94	Newsprint Nagar, Teh. Vaikom, Taluk, Distt. Kottayam (Kerala)	20,000
12.	M/s. Aurangabad Paper Mills Ltd.	LI : 122(89) Dt. 27-2-89 & IEM No. 4487/SIA/IMO/ 92 Dt. 25-11-92	Paithan, Distt. Aurangabad (Maharashtra)	20,000
13.	Cachar Paper Mill (HPC)	CIL : 48(1992) Dt. 26-5-92	Panchgram , Teh. Algapur, Distt. Hailakandi (Assam)	20,000
14.	Nagaon Paper Mills (HPC)	CIL : 47(1992) Dt. 26-5-92	Kagajnagar, Teh. Jagi Road, Distt. Morigaon (Assam)	20,000
			TOTAL :	7,80,400

गुजरात और महाराष्ट्र में लघु उद्योग इकाइयों का कार्यकरण

2369. श्रीमती उर्मिला चिमनभाई पटेल :

श्रीमती चन्द्रिका अभिनन्दन जैन :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने वर्तमान में गुजरात और महाराष्ट्र में कार्यरत लघु उद्योग इकाइयों के कार्यकरण का कोई सर्वेक्षण किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या क्या है ;

(ग) क्या गत तीन वर्षों के दौरान ऐसी बहुत सी इकाइयां बन्द कर दी गई हैं ;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(ङ) इन बन्द इकाईयों में उत्पादन प्रारंभ करने के लिये सरकार क्या कार्यवाई करने का विचार रखती है?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम. अरूणाचलम): (क) जी, नहीं। सरकार ने गुजरात और महाराष्ट्र राज्यों में इस समय कार्य कर रहे लघु औद्योगिक एककों का हाल ही में कोई सर्वेक्षण नहीं किया है। किन्तु विकास आयुक्त, लघु उद्योग कार्यालय ने लघु उद्योग विकास संगठन के कार्य क्षेत्रों में आने वाले और गुजरात तथा महाराष्ट्र राज्यों सहित 31-3-88 तक भिन्न-भिन्न राज्य/संघ शासित क्षेत्र उद्योग निदेशालयों में पंजीकृत लघु औद्योगिक एककों की अखिल भारतीय गणना की है। इस गणना का संदर्भ वर्ष 1987-88 था।

(ख) गुजरात और महाराष्ट्र राज्यों के लिए पंजीकृत लघु एककों की दूसरी अखिल भारतीय गणना के निष्कर्षों के ब्यौरे संलग्न विवरण में दिये गये हैं। (नीचे देखिये)

(ग) और (घ) गुजरात और महाराष्ट्र में पिछले 3 वर्षों के दौरान बन्द एककों की संख्या का पता लगाने के लिये कोई विशेष अध्ययन नहीं किया गया है। किन्तु लघु औद्योगिक एककों की दूसरी अखिल भारतीय गणना के परिणामों से पता चलता है कि गुजरात और महाराष्ट्र राज्य में बन्द पाये गये और जिनका पता नहीं लग रहा है ऐसे एककों की संख्या क्रमशः 21623 और 13,894 थी। ये एकक विभिन्न कारणों से 15 वर्ष अर्थात 1-1-1973 से 31-3-1988 के दौरान बन्द थे।

(ङ) जीव्यक्षम रुग्ण एककों को पुनर्स्थापना के लिये राज्य स्तरीय अंतर संस्थागत समितियों और राज्य स्तरीय पुनर्स्थापना समितियों के जरिये विनियमित आधार पर उपाय किये जाते हैं। बैंक भी जीव्यक्षम रुग्ण एककों को पुनर्स्थापना में निरन्तर आधार पर मदद करते हैं।

विवरण

गुजरात और महाराष्ट्र राज्य में पंजीकृत लघु उद्योग के महत्वपूर्ण मानदण्ड

	गुजरात	महाराष्ट्र
1. 31-3-88 को पंजीकृत और ढांचे में शामिल एकक	58328	65
2. कार्यरत एकक (उन एककों सहित जिनकी कोई प्रतिक्रिया नहीं)	36440	33638
3. कार्यरत एकक जिनके आंकड़े तालिकाबद्ध किये गए हैं	34453	29856
4. रोजगार (संख्या)	276955	355900
5. अचल निवेश (लाख रु. में)	88740	126025
6. पी. एंड एम. में निवेश (रु. लाख में) वास्तविक मत्य)	59918	89475

1	2	3
7. उत्पाद (1987–88) (रुपये लाख में) . . .	358624	751179
8. क्षमता (रुपये लाख में) .	799808	1007008
9. क्षमता उपयोग	44.84%	74.6%
10. ग्रामीण क्षेत्र में स्थित एकक . . .	26.11%	20.33%
11. शहरी क्षेत्र में स्थित एकक (महानगर क्षेत्र सहित)	73.89%	79.67%
12. कारखाना अधिनियम के तहत पंजीकृत एकक .	12.92%	17.89%
13. निर्मित आरक्षित मदों की संख्या . .	407	573

स्रोत : लघु उद्योगों की दूसरी अखिल भारतीय गणना ।

गुजरात में कृषि आधारित उद्योगों की स्थापना हेतु प्रस्ताव

2370. **श्रीमती आनन्दी बेन जेठाभाई पटेल** : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्ष के दौरान गुजरात में कृषि आधारित क्षेत्र में उद्योगों की स्थापना करने हेतु पूंजी निवेश के कुल कितने प्रस्ताव प्राप्त हुए;

(ख) उक्त अवधि के दौरान इस क्षेत्र में विदेशी पूंजी निवेश के स्वीकृत प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है ; और

(ग) इन प्रस्तावों को कब तक कार्यान्वित किये जाने की संभावना है।

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती कृष्णा साही) : (क) नई औद्योगिक नीति के अनुसार कृषि आधारित अधिकतर उद्योगों को लाइसेंस मुक्त कर दिया गया है । कृषि आधारित उद्योगों की स्थापना के लिये 1991, 1992 और 1993 के दौरान गुजरात के लिये 594 औद्योगिक उद्यमी ज्ञापन प्रस्तुत किये गये थे। इनके अलावा उद्योग (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1951 के प्रावधानों के अधीन 1991 से 1993 के दौरान चीनी, सूती धागा, बोय के कागज, वनस्पति तेल इत्यादि जैसे कृषि आधारित उद्योग स्थापित करने के लि 23 आवेदन प्राप्त हुये थे ।

(ख) जनवरी, 1993 से जून, 1994 के दौरान विदेशी तकनीकी/वित्तीय सहयोग से गुजरात राज्य में कृषि आधारित उद्योग स्थापित करने के लिये निम्नलिखित प्रस्ताव मंजूर किये गये:–

पार्टी का नाम	विनिर्माण की मद
थाइ चोंग बांग टेक्सटाइल इंडस्ट्रीज	सूती धागा